कार्यालय,नगर पालिक निगम, कोरबा(छ.ग.)

फा.क्र./859/उद्यान/2022/

कोरबा, दिनांक 06.06.2022

सिस्टम टेन्डर क्र. 101915

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015, विद्युत 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) एवं आईटम दर पर ई–प्रोक्युरमेंट (E-Tendering) के माध्यम से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि में	धरोहर राशि रू में	कार्यावधि	ठेकेदार का वर्ग	निविदा खुलने की अंतिम तिथि
1	सी.एस.ई.बी. चौक से टी.पी.नगर चौक तक फुटपाथ निर्माण **(14वें वित्त आयोग)**	78,81,000/-	59200/-	04 माह	वर्ग डी एवं प्रवर श्रेणी	28.06.2022 से – ———

शर्तेः–

1. निविदा दरें प्रचलित सी.एस.आर. से कम या अधिक का उल्लेख किया जावे। सी.एस.आर. के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
3. इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकारी, आयकर प्रमाण पत्र/पेन नंबर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा करना अनवार्य होगा, प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्यनिधि रायपुर से पंजीकरण का कोड एवं धरोहर राशि का स्केन कापी ऑनलाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनवार्य होगा।
4. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिये प्रत्येक चल देयकों में से 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि 01 वर्ष के लिये एवं मरम्मत एवं संधारण मद को छोड़कर शेष कार्यो में से 5 प्रतिशत परफारमेंस सिक्यूरिटी की गारंटी के रूप में से 03 वर्ष के लिए रोकी जावेगी।
5. जिन निविदाकारों द्वारा कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु पात्र होगें।
6. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूलप्रति में वैध शपथपत्र स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
8. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
9. प्रयुक्त लोहा का बिल एवं टेस्ट रिपोर्ट तथा प्रयुक्त सीमेंट का बिल संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. निविदा दरों में असामान्य कमी प्रतीत होने पर सफल निविदादाता से अनुबंध के पूर्व एस.ओ.आर. एवं निविदा दर की अंतर की राशि के समतुल्य परफारमेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक एफ.डी.आर., पोस्ट ऑफिस, टाईम डिपॉजिट अथवा एन.सी.सी. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय होगा जो मांग तिथि से 15 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि समयावधि में जमा न करने की दशा में निविदा स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार को विगत 03 वर्षो में उद्यानिकी कार्य –जैसे गार्डन निर्माण कार्य का एकल कार्यादेश (Single Work Order) अंतर्गत पूर्ण कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र जमा किया जाना आवश्यक है। तत्सबंध में सक्षम अधिकारी कार्यपालन अभियंता या उससे वरिष्ठ अधिकारी का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
13. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त का निर्णय एवं सर्वमान्य होगा।
14. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
15. अन्य सूचनाएं नगर पालिक निगम, साकेत भवन रामपुर कोरबा कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।
16. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्ण रूप से अमान्य करने का अधिकार सक्षम अधिकारी/प्राधिकारी को रहेगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

प्रतिलिपि :–

प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर को uad.cg.gov.in में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Date-Time Detail(s)

Seq. No.	Nagar Nigam Stage	Contractor Stage	Start		Expiry		Remarks
			Date	Time	Date	Time	
1	Release Tender		06.06.22	10.30	06.06.22	10.30	Release Tender
2		Bid Submission	06.06.22	10.30	27.06.22	17.30	
3	Tender Open		28.06.22	10.30	--	--	

EXECUTIVE ENGINEER
KORBA (CG)
For, Commissioner Korba (C.G.)